प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्र में नई सरकार के गठन को लेकर आज संसद भवन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल की बैठक हो रही है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी सहित पार्टी के सांसद, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और एनडीए के अन्य घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल हुए हैं। बैठक में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद हैं। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा है।

इससे पहले, जनता दल (यूनाइटेड) ने आज नई दिल्ली में पार्टी की संसदीय समिति की बैठक बुलाई। पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बीच लोकजन शक्ति पार्टी–रामविलास गुट संसदीय दल की भी नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को पार्टी की संसदीय समिति का नेता चुना गया।

000

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का फैसला लिया है। यह लगातार आठवीं बार है, जब रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी–एसडीएफ दर छह दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी–एमएसएफ दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात–पांच प्रतिशत रखी गयी है।

समिति ने आर्थिक वृद्धि को बढावा देने के साथ–साथ मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर रखने पर बल दिया। बैठक के बाद निर्णयों की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्ति कांत दास ने कहा कि मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि का संतुलन अनुकूल रहा है। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति की प्रतिबद्धता मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के भीतर रखने की है। रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान 7 प्रतिशत से बढाकर सात दशमलव दो प्रतिशत कर दिया है।

000

आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस है। यह एक वैश्विक अभियान है, जिसका उद्देश्य खाद्य जनित जोखिमों को रोकना, उनका पता लगाना और प्रबंधित करने में मदद के लिए ध्यान आकर्षित करना है। वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव के बाद यह हर साल सात जून को मनाया जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को खाद्य सुरक्षा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शुद्ध, पौष्टिक और मिलावट रहित भोजन हर नागरिक का अधिकार है।

000

शाहपुरा जिला मुख्यालय पर आज पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। विकास अधिकारी चूनाराम विश्नोई ने बताया कि "मिशन कर्मयोगी" ऑन लाइन प्लेटफार्म के माध्यम से कार्मिकों को कार्य कुशलता, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और क्षमता संवर्धन के लिए विभिन्न ऑन लाइन प्रशिक्षण दिए जाते हैं।

000

प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद बादल गरजने, तेज अंधड़ चलने और बारिश की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में तेज अंधड़ के साथ कहीं–कहीं बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की भी आशंका है। विक्षोभ का असर कल और परसों भी बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में जारी रहेगा। 10 जून से कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां होने तथा शेष भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

इस बीच, प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तापमान में कमी आई है। सर्वाधिक 43 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान चित्तौडगढ में दर्ज किया गया। अन्य स्थानों पर भी दिन का तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। तापमान में कमी के साथ ही कल रात अधिकतर जगह तेज अंधड आने से लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

अंधड से पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिरने से विभिन्न स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई। राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में आज सुबह से धूलभरा मौसम बना हुआ है।

000